लोक सभा अध्यक्ष ने दशहरा की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएँ दीं

नई दिल्ली, 24 अक्तूबर 2020: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने दशहरा की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएँ दीं हैं।

अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा "प्रभु श्री राम भारत की सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक हैं। देश में प्रभु श्री राम के प्रति गहरी आस्था व निष्ठा है। दशहरा असत्य पर सत्य की विजय का पर्व है । यह ऐतिहासिक और महान अवसर हमें धर्म के मार्ग पर चलते हुए बुराइयों से लड़ने की प्रेरणा देता है। हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश में दशहरा पर्व का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है । शरद नवरात्रि सम्पन्न होने के बाद आने वाला यह त्योहार पूरे देश में बहुत हर्षोल्लास से मनाया जाता है। भगवान राम सत्य, सद्गुणों और सद्बुद्धि का प्रतीक हैं और दशहरे के दिन हमें उनके द्वारा दी गई प्रेम और भाईचारे की शिक्षा को आत्मसात करना चाहिए ।

इस वर्ष हम कोविड 19 की चुनौती का सामना भी कर रहे हैं । सभी देशवासियों ने मिलकर इस वैश्विक महामारी का सामना किया और इस रोग से लड़ने में बहुत हद तक सफलता हासिल की है । प्रभु श्री राम के आशीर्वाद से हम शीघ्र ही इस महामारी पर भी विजय पा लेंगे ।"